Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

कक्षा - नौवीं
दिनांक - 29 अप्रैल, 2024

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस

उपविषय - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा नौवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 273 पर दिए 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' का अध्ययन करेंगे।

बच्चो ! आज हमारा विषय अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है। आप सभी अपनी-अपनी पुस्तक की पृष्ठ संख्या 273 निकाल लें। साथ ही व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका भी निकाल लें और पढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। इनका अध्ययन करते-करते बीच में आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे। उन प्रश्नों के उत्तर आपने अपनी ऑडियो को तीन मिनट के अंतराल के अंतर्गत ही लिखने हैं। अतः आपका ध्यान इस ओर ही केन्द्रित होना चाहिए। आशा करती हूँ कि अब आप पढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

बच्चो ! जब हम अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं तो उन्हें अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहा जाता है। अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करके हम अपने लेखन में सौंदर्य एवं सटीकता भर देते हैं। शब्द समूह का अर्थ प्रकट करने वाले शब्द अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहलाते हैं। इन्हें वाक्यांश बोधक शब्द भी कहा जाता है। ऐसे शब्दों का प्रयोग अधिकतर संक्षेपण

अर्थात् छोटा रूप करते समय किया जाता है। इनके प्रयोग से भाषा में कसावट आ जाती है।

श्रेष्ठ भाषा का उदाहरण कम शब्दों में अपनी बात को प्रस्तुत करना है। जैसे-जैसे भाषा का विकास होता जाता है, वैसे-वैसे अनेक ऐसे शब्दों का निर्माण होता जाता है, जो अनेक शब्दों अथवा एक वाक्य के लिए प्रयुक्त होता है, जिससे उस वाक्य के अर्थ में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

अच्छी रचना के लिए आवश्यक है कि लेखक अथवा कवि अपने विस्तृत विचारों एवं भावों को कम से कम शब्दों में अभिव्यक्त करे। कम से कम शब्दों में अधिकाधिक अर्थ प्रकट करने के लिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का ज्ञान होना ज़रूरी है। विद्यार्थियों के लिए 'गागर में सागर भरना' उक्ति का महत्त्व तभी रहेगा, जब आपको वाक्यांश के लिए एक शब्द का ज्ञान होगा।

निम्न उदाहरण को देखिए :-

(क) गर्मियों की छुट्टियों में मैंने मित्र के साथ मसूरी घूमने जाने की सोची है।

ग्रीष्मावकाश में मैंने मित्र के साथ मसूरी घूमने जाने की सोची है।

(ख) सुनील कम बोलता है।

सुनिल मितभाषी है।

बच्चो! उपर्युक्त उदाहरणों में गर्मियों की छुट्टियों के स्थान पर ग्रीष्मावकाश तथा दूसरी उदाहरण में कम बोलता है के स्थान पर मितभाषी शब्द लिखा गया है। ग्रीष्मावकाश तथा मितभाषी अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए गए एक-एक शब्द हैं। इनके प्रयोग से भाषा में सौंदर्य एवं सटीकता आ जाती है।

बच्चो! अब आपकी पुस्तक की पृष्ठ संख्या 273 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का अध्ययन करेंगे। आपका ध्यान अपनी-अपनी पुस्तक पर ही केन्द्रित होना चाहिए।

कक्षा - नौवीं
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय - हिन्दी व्याकरण ( अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)



| | |
|---|---|
| जो जीता न जा सके | अजेय |
| जो कम ज्ञान रखता हो | अल्पज्ञ |
| जो दिखाई न दे | अदृश्य |
| जो समय बीत चुका हो | अतीत |
| जो खाने योग्य न हो | अखाद्य |
| जो पहले पैदा हुआ हो | अग्रज |
| जो कुछ नहीं जानता हो | अज्ञ |
| जो अपने स्थान से न डिगे | अडिग |
| जिसका मूल्य न आँका जा सके | अमूल्य |
| जिसका कभी जन्म न हो | अजन्मा |
| जिसके पास कुछ भी न हो | अकिंचन |
| जो इंद्रियों के अनुभव के बाहर हो | अगोचर |
| जिसे न कहा जा सके | अकथनीय |
| जो बिना वेतन के काम करते हो | अवैतनिक |
| बिना सोचे-समझे किसी बात पर - विश्वास करने वाला | अंधविश्वासी |
| जिसकी पहले से कोई आशा न हो | अप्रत्याशित |
| जिसका कोई शत्रु न हो | अजातशत्रु |
| जिसका वर्णन न किया जा सके | अवर्णनीय |
| कम भोजन करने वाला | अल्पाहारी |
| जिसके बराबर दूसरा न हो | अद्वितीय |

बच्चो ! अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। प्रश्न सुनकर आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट का विराम देकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए दिए गए विकल्प में से उचित शब्द चुनिए :

(i) जो खाने योग्य न हो :-

(क) अलौकिक (ख) अखाद्य (ग) अखंडित (घ) अंतस्थ

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द-समूहों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :-

(i) उसके पिता जी कार्यालय में <u>बिना वेतन के</u> काम करते हैं।

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए :-

(i) जिसके बराबर कोई दूसरा न हो

(ii) जिसे न कहा जा सके

बच्चो ! प्रश्नों के उत्तर लिखने की अवधि अब समाप्त हो चुकी है। आशा करती हूँ कि आपने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। उन प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार हैं :-

उत्तर 1. जो खाने योग्य न हो - अखाद्य

उत्तर 2. उसके पिता जी कार्यालय में अवैतनिक काम करते हैं।

उत्तर 3. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द है :-

(i) जिसके बराबर कोई दूसरा न हो - अद्वितीय

(ii) जिसे न कहा जा सके - अकथनीय

बच्चो ! अब आगे दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्दों का अध्ययन करेंगे। आपका ध्यान इस ओर ही केन्द्रित होना चाहिए।

| | |
|---|---|
| जिसका कोई अंत न हो | अनंत |
| जिसका इलाज न हो सके | असाध्य |
| जिसकी कोई उपमा न दी जा सके | अनुपम |
| दूसरे देश से मँगाया जाना | आयात |
| जिस पर मुकदमा चल रहा हो | अभियुक्त |
| जो विधि या कानून के विरुद्ध हो | अवैध |
| जो कुछ न करता हो | अकर्मण्य |
| जिसकी तुलना न की जा सके | अतुलनीय |
| जिसे करना आवश्यक है | अनिवार्य |
| जो होने ही वाला है | अवश्यंभावी |
| जिसका मन अन्यत्र हो | अन्यमनस्क |
| जो इस संसार का नहीं | अलौकिक |
| जो कम बोलता हो | अल्पभाषी |
| जिसे नापा न जा सके | अपरिमेय |
| जहाँ सूखा पड़ा हो (पानी न बरसा हो) | अनावृष्टि |
| जो अपनी हत्या स्वयं करे | आत्मघाती |

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)



| | |
|---|---|
| आशा से अधिक | आशातीत |
| जो ईश्वर पर विश्वास रखता है | आस्तिक |
| संपत्ति का अधिकारी | उत्तराधिकारी |
| जिस ज़मीन में कुछ पैदा न हो | ऊसर |

बच्चो ! आज हमने अजेय से ऊसर तक अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का अध्ययन कर लिया है। आशा करती हूँ कि आपने इन्हें ध्यान से सुना एवं समझा होगा। इन्हें आप दो-तीन बार ऊँचे स्वर में अवश्य दोहराएँगे। अब मैं आपको गृहकार्य दे रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृहकार्य

सभी छात्र व्याकरण की पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण की पृष्ठ संख्या 273 एवं 274 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अजेय से ऊसर तक (एक से चालीस तक) दो-तीन बार ऊँचे स्वर में दोहराएँगे और इन्हें अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में भी लिखेंगे। सभी छात्र इस कार्य को सुन्दर लिखाई में करेंगे।

धन्यवाद ।

[अंतिम पृष्ठ]